Q&A लाख टके का जवाब
इंश्योरेंस

अमित सूरी
सीएफपी, एयूएम,
फाइनेंशियल प्लानर्स

हमारे विशेषज्ञ म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार में निवेश, टैक्स जैसे मुद्दों पर आपकी राह आसान करेंगे। आप सवाल ethindiquery@gmail.com पर भेज सकते हैं

प्र मैंने 16 लाख रुपए का होम लोन 15 वर्ष की अवधि के लिए लिया है। क्या लोन की रकम का बीमा कराना जरूरी है? अगर जरूरी है तो कौन सा कवर मुझे लेना चाहिए?

शशिकांत पाटिल

उ मैं कहना चाहूंगा कि ऐसी देनदारी पर विचार करते समय यह आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज होनी चाहिए। अक्सर मकान खरीदते समय लोग होम लोन लेने के साथ अपने बहुत से निवेश भी भुनाते हैं। इसके बाद उनके पास होम लोन के तौर पर एक बड़ी देनदारी रह जाती है। जरा सोचिए कि अगर कर्जदार की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार पर कर्ज की बाकी बची अवधि में मासिक किस्त चुकाने का बोझ आ जाएगा और उनके पास आमदनी का कोई बड़ा स्रोत नहीं होगा। आप पर्याप्त बीमा रकम वाली एक जीवन बीमा पॉलिसी खरीदें और मकान की एक ऐसी संपत्ति बनाएं जहां आप खुशी से रह सकें। ज्यादातर हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां और बैंक जीवन बीमा कंपनियों के साथ मिलकर होम लोन की रकम को कवर करने के लिए एकमुश्त प्रीमियम वाली स्कीम देते हैं। इसमें आप एक बार प्रीमियम का भुगतान करते हैं और लोन के भुगतान के वर्षों के लिए आपको बीमा सुरक्षा मिल जाती है। ऐसे प्लान की कीमत 15 वर्ष के लिए प्रति एक लाख रुपए पर लगभग 2,200 रुपए के एकल प्रीमियम की पड़ती है। यह आकलन 35 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के लिए है। इससे कम और अधिक उम्र वाले व्यक्ति के लिए प्रीमियम की रकम भी कम या ज्यादा होगी। आप इस प्रीमियम को अपनी लोन की रकम में शामिल कर इसका भुगतान नियमित किस्तों के जरिए कर सकते हैं।

प्र मैं यह जानना चाहता हूं कि मेरे पिता के लिए एक अच्छा हेल्थ इंश्योरेंस प्लान कौन सा होगा? उनकी उम्र 60 वर्ष है और उन्हें डायबिटीज की बीमारी है। वह दो लाख रुपए की एक पॉलिसी खरीदना चाहते हैं और युनाइटेड इंडिया के सुपर टॉप-अप प्लान के साथ टॉप-अप के भी इच्छुक हैं।

एन श्रीवास्तव

उ अपने पिता की हेल्थ इंश्योरेंस के लिए आपके पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। कम उम्र में मेडिक्लेम पॉलिसी की शुरुआत कर इसे जीवन के संध्या काल तक चलाना बेहतर रहता है। आपके लिए दो विकल्प ये हो सकते हैं:

1. नेशनल इंश्योरेंस वरिष्ठ मेडिक्लेम:
इसमें वह एक लाख रुपए का मेडिक्लेम लेकर दो लाख रुपए की बीमा सुरक्षा अलग से गंभीर बीमारियों के लिए ले सकते हैं। आपके पिता की डायबिटीज की बीमारी 10 फीसदी का अतिरिक्त प्रीमियम देकर कवर हो जाएगी। पहले से मौजूद किसी भी अन्य बीमारी के लिए सुरक्षा पॉलिसी जारी रहने के चार वर्षों के बाद मिलेगी और इसके लिए आपको लगभग 16,000 रुपए की कीमत चुकानी पड़ेगी।

2. स्टार हेल्थ सीनियर सिटिजंस रेड कारपेट हेल्थ इंश्योरेंस प्लान:
इसमें दो लाख रुपए तक के कवर की पेशकश की जाती है। दूसरे वर्ष से पहले से मौजूद बीमारियां भी पॉलिसी के दायरे में आ जाती हैं। दो लाख रुपए के कवर के लिए प्रति व्यक्ति प्रीमियम 9,500 रुपए का है। जहां तक युनाइटेड इंडिया टॉप-अप प्लान की बात है तो यह केवल 60 वर्ष की उम्र तक मेडिकल टेस्ट के साथ लिया जा सकता है।